

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–70/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने दिव्यांग सेवा को समर्पित समाजसेवियों को सम्मानित किया

**पटना 12 जुलाई, 2025 :–** माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल एवं रिसर्च सेन्टर, पटना द्वारा दरबार हॉल, राजभवन, पटना में आयोजित दिव्यांग सेवा को समर्पित समाजसेवियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी समाज के सभ्य होने का मानदंड यह है कि वह अपने कमजोर, असहाय, दिव्यांग और मजबूर लोगों के साथ कैसा व्यवहार करता है। उन्होंने डॉ० एस० राधाकृष्णन की एक उक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि हम सभ्य जीवन जीना चाहते हैं तो हमें अपने भीतर करूणा का भाव पैदा करना पड़ेगा और उसे मजबूत करना पड़ेगा। यह भाव महिलाओं में नैसर्गिक रूप से होता है, किन्तु पुरूषों को इसके लिए सचेत प्रयास करना पड़ता है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारी संस्कृति, भाषा, लिंग, रंग–रूप, उपासना पद्धतियाँ आदि से नहीं, बल्कि आत्मा से परिभाषित होती है। हमें इन विविधताओं का सम्मान करते हुए इसके पीछे छिपी हुई एकता को देखने की क्षमता होनी चाहिए। हम सब के भीतर वहीं चेतना विद्यमान है जो समाजोपयोगी कार्य के लिए हमें प्रेरित करती है।

उन्होंने कहा कि केवल भारतीय संस्कृति हीं बताती है कि हम दूसरों को अपना विस्तार समझें। इसके लिए हममें गर्व से अधिक जिम्मेदारी की भावना पैदा होनी चाहिए। भारतीय परंपरा में मानव सेवा ही माधव सेवा है। राज्यपाल ने सम्मान प्राप्त करनेवाले समाजसेवियों से कहा कि उन्होंने अपने जीवन को बड़े उद्देश्य के साथ जोड़ लिया है और वे सौभाग्यशाली हैं। दुनिया के सभी सुखों का प्रभाव बहुत कम देर तक रहता है, परन्तु जरूरतमंदों की सेवा से एक अलग प्रकार के सुख और आनंद की अनुभूति होती है। उनके कार्यों से समाज के अन्य लोगों को दूसरों के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

कार्यक्रम को भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल एवं रिसर्च सेन्टर, पटना के संस्थापक महासचिव पद्मश्री श्री बिमल जैन ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, संस्थान के अध्यक्ष श्री देशबंधु गुप्ता, प्रबंध न्यासी श्री विवेक माथुर, प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ० एस०एस० झा, समाजसेवीगण तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

.........................................